वाद विवाद में सर पदमपत सिंहानिया स्कूल विजेता

कानपुर: सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में 34वीं श्री गोपाल कृष्ण सिंहानिया अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका विषय 'इंडिया इज ए ग्लोबल सुपर पावर कंटेंडर आफ्टर 75 इयर्स आफ इंडिपेंडेंस' था। मुख्य अतिथि सांसद सत्यदेव पचौरी, विशिष्ट अतिथि कूटा अध्यक्ष डा. बीडी पांडेय रहे। निर्णायकों में मनोचिकित्सक डा. आलोक बाजपेयी, क्राइस्ट चर्च कालेज के डा. डोरोथी राय, डीएवी कालेज के डा. मोहित मणि त्रिपाठी रहे। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में कानपुर व कोटा (राजस्थान) के विद्यालयों ने हिस्सा लिया है। विजेता ट्राफी सर पदमपत सिंहानिया स्कूल को मिली। प्रथम उपविजेता डा. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर किदवईनगर व द्वितीय उपविजेता शीलिंग हाउस स्कूल के छात्र रहे। (वि.)